न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर,टोंक

प्रकरण संख्या 55 / 2020

पूरणमल गुर्जर पुत्र श्री रामनारायण गुर्जर निवासी पलाई तह. उनियारा जिला टोंक

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार उनियारा

––प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय दिनांक 31–12–2020

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार उनियारा जिला–टोंक को दिनांक 7–8–2020 को आवेदन पत्र प्रेषित / प्रस्तुत कर निम्न वर्णित सूचना चाही गई थी

1.दिनांक 27.06.2020 को ग्राम पलाई में आवंटी पूरणमल गुर्जर एवं रामनारायण गुर्जर को किस खसरा नम्बर व किस जगह से बेकब्जा किया गया कि रिपोर्ट की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध करवाई जावे।
2. दिनांक 27.06.2020 को ग्राम पलाई में पूरणमल एवं रामनारायण गुर्जर को बेकब्जा करते समय किस किस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे की सूची उपलब्ध करवाई जावे।
3.दिनांक 27.06.20 को ग्राम पलाई में पूरणमल व रामनारायण गुर्जर के भूखण्ड से हटाये गये सामानों की सुपुर्दगी की रसीद तथा मौका रिपोर्ट की सत्य प्रतिलिपि उपलब्ध करवाई जाये।

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई। अपील प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर की गई तथा अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलार्थी उपस्थित नही हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार उनियारा से आवेदक को सूचना नहीं दिये जाने के संबंध मे जवाब तलब किया गया गया। लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार उनियारा ने उनके पत्र कमांक 1209 दिनाक 21–12–2020 से जवाब प्रेषित किया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना के [illegible] में पत्र क्रमांक 139 / राजस्व / दिनांक 2.9.2020 को जरिए डाक से आवेदक को वांछित [illegible] सम्बन्ध में जवाब प्रेषित किया जा चुका है। जवाब की प्रति [illegible] है जिससे

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:08:43 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलेक्टर
टोंक

Scanned by CamScanner

स्पष्ट है कि आवेदक को सूचना के सम्बन्ध में जवाब दिया जा चुका है। अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य प्रतीत होती है।

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार उनियारा तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलक्टर टोंक

कार्यालय जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान) सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:08:43 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner